भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-4368

उत्तर देने की तारीख-27/03/2023

नामांकन के लिए बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए नए केंद्रीय विद्यालय

†4368. श्रीमती मंगल सुरेश अंगड़ी:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का विचार राज्यों के सभी जिला मुख्यालयों में नए केंद्रीय विद्यालयों में नामांकन के लिए बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए मौजूदा केंद्रीय विद्यालयों के अलावा नए केंद्रीय विद्यालय शुरू करने के लिए कोई उपाय करने का है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्रीमती अन्नपूर्णा देवी)

(क) एवं (ख) वर्तमान में, देश भर में 1249 केन्द्रीय विद्यालय (केवि) कार्यात्मक हैं। नए केंद्रीय विद्यालय (केवि) खोलना एक सतत प्रक्रिया है। केवि पूरे देश में शिक्षा का एक समान कार्यक्रम प्रदान करने हेतु मुख्य रूप से रक्षा और अर्ध-सैन्य कर्मियों, केंद्रीय स्वायत्त निकायों, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) और केंद्रीय उच्च शिक्षा संस्थान (आईएचएल) सहित केंद्र सरकार के स्थानांतरणीय कर्मचारियों के बच्चों की शैक्षिक जरूरतों को पूरा करने के लिए खोले जाते हैं। नए केवि खोलने के प्रस्तावों को भारत सरकार के मंत्रालयों या विभागों/राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र (यूटी) प्रशासनों द्वारा प्रायोजित किया जा सकता है, जिसमें मानदंडों के अनुसार एक नया केवि स्थापित करने के लिए भूमि और अस्थायी आवास सहित आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता हो। ये प्रस्ताव सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के अध्यधीन हैं।

*****